# SUMMATIVE ASSESSMENT - I (2017 - 2018)

## Second Language - HINDI

## PART - A & B

CLASS : X ] ( Max.Marks : 80 ) [ Time : 2-45 Hrs.

*सूचना* :- 1) प्रश्न - पत्र भाग A & B पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।

2) प्रश्न पत्र लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है ।

3) भाग 'A' के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

4) परीक्षा के प्रारंभ में ही भाग A & B दोनों पत्र दिये जाएँगे।

Marks : 60 ] PART - A [ Time : 2-15 Hrs.

**I. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

**प्रत्येक भाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच - पाँच अंक निर्धारित हैं।**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

शबाश मेरी कर्नल, तुम लोगों से मुझे यही आशा है। जिस स्वराज्य की नींव तुम जैसी नारियाँ बनने जा रही है, वह निश्चय ही महान होगा। मुझे इस बात की चिंता नहीं कि वह मेरे जीवन काल में आता है या नहीं आता, लेकिन मुझे इस बात का दुख अवश्य है कि हमारे पास तात्या जैसे सेनापति है फिर भी हमारी सेना में अनुशासन नहीं हैं।

**प्रश्न :** **5 x 1 = 5**

1. ये बातें किसने और किससे कहा?
2. स्वराज्य की नींव का पत्थर कौन बनने जा रही हैं?
3. रानी लक्ष्मीबाई के सेनापति कौन थे?
4. रानी को किस बात की चिंता नहीं है?
5. इस गद्यांश के लेखक कौन हैं?

**2. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये विकल्पों से प्रश्नों के उत्तर चुनिए।**

यूनेस्को द्ववारा 1995 में पहली बार 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस के मनाया गया। तब से हर वर्ष इस दिन विश्व पुस्तक दिवस मनाया जाता है। किताबें मूलतः भाषा और ज्ञान

[ Turn Over

के विकास के लिए जरुरी है। किताबें दरअसल भूत और भविष्य को जोडनेवाला सेतु होती है। किताबें हमें सही आचरण करने की सीख देती है।

**प्रश्न :** **5 x 1 = 5**

1. विश्व पुस्तक दिवस पहली बार किस संस्था के द्ववारा मनाया गया?

   A) यूनेस्को  B) लिडको  C) युनिसेफ  D) इफको

2. हर वर्ष विश्व पुस्तक दिवस कब मनाया जाता है?

   A) इक्कीस अप्रैल को  B) तेईस अप्रैल को
   C) तैंतीस अप्रैल को  D) तैंतालीस अप्रैल को

3. किताब मूलतः किसके विकास के लिए जरुरी है?

   A) अज्ञान  B) शारीरिक  C) ज्ञान  D) स्वास्सय

4. किताबें किनको जोडनेवाली सेतु है?

   A) भूत और वर्तमान  B) वर्तमान और भविष्य
   C) भूत और भविष्य  D) वर्तमान और अतीत

5. सही का विलोम शब्द पहचानिए।

   A) सच  B) गलत  C) भूल  D) चूक

**3. निम्न लिखित कविता पढ़कर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।**

जिसने श्रम-जल दिया उसे,
पीछे मत रह जाने दो,
विजीत प्रकृति से पहले
उसको सुख पाने दो,

जो कुछ न्यस्त प्रकृति में हैं,
वह मनुज मात्र का धन है
धर्मराज। उसके कण-कण का
अधिकारी जन-जन है,

[ Contd... 3

प्रश्न : 5 x 1 = 5

1) कवि किसे पीछे न रखने को कहते है?

2) प्रकृति में न्यस्त संपदा पर किसका अधिकार है?

3) धर्मराज को किसने संदेश दिया है?

4) कण-कण का अधिकारी कौन हैं?

5) इस पद्यांश के कवि कौन हैं?

**4. निम्न लिखित कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए।**

आओ हम सब लोग मनाएँ
हिलमिल सावन का त्योहार
हरी-भरी धरती पर पडती
रिमझिम बूँदो की बौछार
नाना-नानी डाले झूलें
बहने सावन - गीत सुनाये

प्रश्न : 5 x 1 = 5

1. सब लोग हिलमिल कर किस त्योहार को मनाना चाहते हैं?

A) दीपावली B) दशहरा

C) ईद D) सावन

2. धरती पर बूँदो की बौछार कैंसी पडती हैं?

A) हिलमिल B) छम-छम C) रिमझिम D) छल-छल

3. झूलें कौन डालते हैं?

A) दादा-दादी B) नाना-नानी C) माता-पिता D) भाई बहन

4. सावन गीत कौन सुनाती हैं?

A) गायिकाएँ B) बच्चे C) नायिकाएँ D) बहनें

5. बूँद - शब्द का बहुवचन रूप पहचानिए

A) बूदें B) बूढों C) बूढे D) बुंदियाँ

**II. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए ।** **6 x 3 = 18**

5. जीवन में सफलता का मार्ग श्रम है - अपने विचार बताइए।

6. मानव जीवन में भक्ति भावना का क्या महत्व है?

7. 'आल्हा' लोकगीत के बारे में आप क्या जानते है?

8. गोदावरी नदी के टापुओं के बारे में आप क्या जानते हैं?

9. अरूणा व चित्रा दोनों के स्वभाव के बारे में अपने विचार बताइए?

10. राजू ने अपने पुराने स्कूल को किस तरह उपहार समर्पित किया?

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 या 8 पंक्तियों में लिखिए ।** **6**

11. आर.पी. निशंक जी किन भावनाओं से धरती को स्वर्ग बनाना चाहते हैं? अपने शब्दों में लिखिए।

12. रैदास की भक्ति भावना कैसी हैं? उनके पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 या 8 पंक्तियों में लिखिए ।** **6**

13. ईदगाह में बाल स्वभाव का सुंदर चित्रण किया गया है। कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

14. स्वतंत्रता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई का योगदान प्रेरणादायक है, एकांकी के आधार पर सिद्ध कीजिए।

**V. किसी एक का उत्तर लिखिए ।** **5**

15. आवश्यक पुस्तकें माँगते हुए किसी पुस्तक विक्रेता के नाम पत्र लिखिए।

16. भावी योजनाओं के बारे में बताते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए।

**VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।** **5**

17. भारत की एकता को बनाये रखने की शक्ति हिंदी में ही है। हिंदी भाषा का महत्व बताते हुए एक छोटा सा निबंध लिखिए।

18. खेलों से मनोरंजन के साथ साथ शारीरिक विकास भी होता है, खेलों का महत्व समझाते हुए छोटा सा निबंध लिखिए।

*

# 33 (A)

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I (2017 - 2018)

## Second Language - HINDI

## PART - B

CLASS : X] ( Marks : 20 ) [ Time : ½ Hr.

Name of the student : ........................................................ Roll No : ...............

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कुल अंक | 20 | 40 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | |
| श्रेणी | | | | |

*सूचना :-* 1) भाग 'B' के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्र में ही लिखिए ।

2) भाग 'B' के लिए समय आधा (1/2) घंटा निर्धारित है ।

**विशेष सूचनाएँ :** 1. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं ।

2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।

3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।

**निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।** **20 X 1 = 20**

1. देव सरिता गंगा का प्रवाह मनोहर है। [ ]
(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए)
A) तालाब B) नदी C) तटाक D) सागर

2. लोकगीतों के राग आकर्षक होते हैं। [ ]
(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए)
A) कर्षक B) अनाकर्षक C) कर्कश D) आकर्ष

3. सूरज पूरब में उगता है। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानिए) [ ]
A) सुर B) सूर्य C) सूर D) सूरा

4. मैं अपने परिवार के साथ सकुशल हूँ ! [ ]
(रेखांकित शब्द में उपसर्ग शब्द पहचानिए)
A) सकु B) शल C) ल D) स

[ Turn Over

5. <u>धार्मिक</u> पर्वों पर लोकगीत गाये जाते हैं। [ ]

(रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए)

A) इक B) धा C) ध D) क

6. गोदावरी के जल में <u>उन्माद</u> था। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए) [ ]

A) उ + माद B) उत् + माद

C) उन + माद D) उ + माद

7. <u>भारतवासी</u> दुनिया को पावन धाम बनायेंगे। [ ]

(रेखांकित शब्द का समास पहचानिए)

A) कर्मधारय समास B) तत्पुरुष समास

C) द्विगु समास D) द्वंद्वं समास

8. 1974 को अक्षरों में पहचानिए। [ ]

A) उन्नीस सौ पचहत्तर B) उन्नीस सौ सत्तर

C) उन्नीस सौ सड सठ D) उन्नीस सौ चौहत्तर

9. सुमित्रानंदन पंत जी प्रमुख कवियों में गिने जाते है। [ ]

(उक्त वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए?)

A) गिने B) प्रमुख

C) सुमित्रानंदन पंत D) में

10. हमने इस तरफ घूमकर देखा। (वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानिए) [ ]

A) घूमकर B) तरफ C) हमने D) देखा

11. ईदगाह जाने वाले भडकीले वस्त्र पहने हुए हैं। [ ]

(वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए)

A) भडकीले B) ईदगाह C) वस्त्र D) पहने

**[ Contd... 3**

12. कवि इंद्रधनुष के झूले में झूलना चाहते हैं। (वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए) [ ]

A) कवि B) झूलना C) इंद्रधनुष D) झूले

13. अमीना धीरे-धीरे खाना पकाती है। [ ]
(वाक्य में क्रिया विशेषण शब्द पहचानिए)

A) अमीना B) धीरे-धीरे C) खाना D) पकाती है

14. मैं भगवान का दास हूँ। (स्त्री लिंग रुपी वाक्य पहचानिए) [ ]

A) मैं भगवान की दास हूँ। B) मैं भगवान की दासी हूँ।
C) मैं भगवान की दासिनी हूँ। D) मैं भगवान की दासिनी हूँ।

15. बाग में तितली है। (बहुवचन वाक्य पहचानिए) [ ]

A) बाग में तितलों हैं। B) बाग में तितलाएँ हैं।
C) बाग में तितलियाँ है। D) बाग में तितलियाँ हैं।

16. मैं तुम्हारी जिज्ञासा .................... समाधान देता हूँ। [ ]
(उचित कारक चिह्न पहचानिए)

A) का B) की C) के D) ने

17. शुद्ध रूप पहचानिए। [ ]

A) राजू पानी पीते है। B) राजू पानी पीता है।
C) राजू पानी पीती है। D) राजू पानी पिता है।

18. सही क्रम वाला वाक्य पहचानिए। [ ]

A) स्त्रियाँ गाती है ढोलक की मदद से।
B) मदद से ढोलक स्त्रियाँ गाती है।
C) स्त्रियाँ ढोलक की मदद से गाती है।
D) स्त्रियाँ गाती ढोलक की मदद से है।

19. सावन के मेघ झम-झम बरसते है । (काल पहचानिए) [ ]

A) वर्तमान काल B) भविष्यत काल

C) पूर्ण भूत काल D) भूत काल।

20. झाँसी की रानी ने अंग्रेजों की <u>नींद हराम कर दी।</u> [ ]

(रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए)

A) परोपकार करना B) नींद में डूबना

C) नींद में रहने देना D) परेशान करना